देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 23.06.2024 समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- 18वीं लोकसभा का पहला सत्र कल से शुरू हो रहा है। पहले दिन नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई जाएगी।
- नीट परीक्षा में गड़बड़ी के आरोपों के बीच राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के प्रमुख सुबोध कुमार सिंह को पद से हटाया गया।
- कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा– केंद्र और राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।
- मौसम विभाग ने कल से 26 जून तक नैनीताल, चंपावत, पिथौरागढ़ और बागेश्वर जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

**लोकसभा सत्र**

18वीं लोकसभा का पहला सत्र कल से शुरू होगा। सत्र के दौरान नव–निर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई जाएंगी। भाजपा के वरिष्ठ सांसद भर्तृहरि महताब लोकसभा के नए सांसदों को शपथ दिलाएंगे। श्री महताब को अस्थाई अध्यक्ष बनाया गया है। नए लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव 26 जून को होगा। 27 जून को लोकसभा और राज्यसभा का संयुक्त सत्र राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अभिभाषण से प्रारंभ होगा। यह सत्र तीन जुलाई तक चलेगा।

लोकसभा के पहले सत्र की पूर्व संध्या पर आज आकाशवाणी का समाचार सेवा प्रभाग संसद के समक्ष मुद्दे और ईश्यूज बिफोर पॉर्लियामेंट का प्रसारण करेगा। संसद के समक्ष मुद्दे आकाशवाणी गोल्ड और अतिरिक्त मीटरों पर तथा ईश्यूज बिफोर पॉर्लियामेंट रैनबो और अतिरिक्त मीटरों पर रात साढ़े नौ बजे से दस बजे तक सुना जा सकता है।

## <u>एनटीए</u>

परीक्षा परिणामों को लेकर उठे विवाद के बीच राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए के महानिदेशक सुबोध कुमार सिंह को उनके पद से हटा दिया गया है। भारतीय व्यापार संवर्धन संगठन के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक प्रदीप सिंह खरोला को एन.टी.ए. महानिदेशक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। शिक्षा मंत्रालय ने कथित अनियमितताओं की जांच केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो को सौंप दी है। मंत्रालय ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति या संगठन इसमें लिप्त पाया जाता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने पांच मई को नीट यूजी परीक्षा आयोजित की थी। परिणाम आने के बाद परीक्षा में अनियमितता और जालसाजी के आरोप लगे थे।

## इसरो सफलता

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन– इसरो ने आज एक बार फिर कामयाबी हासिल की है। इसरो ने लगातार तीसरी बार रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल–आरएलवी पुष्पक की लैंडिंग एक्सपेरिमेंट– एलईएक्स में सफलता हासिल

की। जानकारी के अनुसार, कर्नाटक के चित्रदुर्ग में आज सुबह 07 बजकर 10 मिनट पर लैंडिंग एक्सपेरिमेंट के तीसरे और फाइनल टेस्ट को अंजाम दिया गया। चित्रदुर्ग के एरोनॉटिकल टेस्ट रेंज में पुष्पक को इंडियन एयरफोर्स के चिनूक हेलीकॉप्टर से साढ़े चार किलोमीटर की ऊंचाई तक ले जाया गया और रनवे पर ऑटोनॉमस लैंडिंग के लिए छोड़ा गया। पुष्पक ने क्रॉस रेंज करेक्शन मनुवर को एग्जीक्यूट करते हुए होरिजोंटल लैंडिंग को सटीकता से अंजाम दिया।

**चारधाम यात्रा**

प्रदेश में चार धाम यात्रा सुचारु रूप से जारी है। अब तक पच्चीस लाख इकहत्तर हजार से अधिक तीर्थयात्री चारों धामों के दर्शन कर चुके हैं। प्रशासन के अनुसार इस वर्ष अब तक रिकॉर्ड संख्या में श्रद्धालु यात्रा के लिए पहुंचे हैं। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार सबसे अधिक नौ लाख चौवन हजार तैंतालीस से अधिक श्रद्धालु केदारनाथ और सात लाख सोलह हजार से अधिक श्रद्धालु बद्रीनाथ धाम के दर्शन कर चुके हैं। वहीं उत्तरकाशी स्थित यमुनोत्री धाम में चार लाख बयालीस हजार से अधिक श्रद्धालु और गंगोत्री धाम में चार लाख उनसठ हजार से अधिक श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सरकार हर संभव सुविधा मुहैया कराने में जुटी है। यात्रियों के लिए पैदल मार्ग पर पेयजल, शौचालय व अन्य मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। उत्तरकाशी के जिलाधिकारी डॉ. मेहनबान सिंह बिष्ट ने बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष अब तक 16 फीसदी अधिक तीर्थयात्री दर्शन कर चुके हैं।

उन्होंने बताया कि अब तक तीन लाख 89 हजार नौ सौ सत्तानवे यात्रियों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है तथा दो हजार चार सौ सैंतीस यात्रियों के स्वास्थ्य की जांच की जा चुकी है।

**अडानी गुप्र**

अडानी समूह राज्य में कृषि और बागवानी के क्षेत्र में करीब 500 करोड़ रुपये का निवेश करेगा। आज अडानी समूह के प्रतिनिधिमंडल ने देहरादून में कृषि मंत्री गणेश जोशी से मुलाकात की और निवेश का प्रस्ताव सरकार के सामने रखा। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य रूप से कृषि और बागवानी उत्पादों के भंडारण के क्षेत्र में निवेश करने की बात कही। कृषि मंत्री ने सरकार की ओर से प्रतिनिधिमंडल को सकारात्मक आश्वासन दिया और मामले में ज्ल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया। श्री जोशी ने कहा कि उत्तराखंड राज्य की भौगोलिक परिस्थितियां और कृषि जलवायु क्षेत्र विभिन्न बागवानी फसलों के उत्पादन के लिए अत्यधिक अनुकूल हैं, जिसके कारण राज्य में बागवानी की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि निवेश अनुकूल नीतियों के परिणामस्वरूप आज उत्तराखंड हर क्षेत्र में निवेशकों के लिए एक नया केंद्र बिंदु बनकर उभर रहा है।

**कृशि मंत्री**

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा है कि केंद्र और राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। आज हरिद्वार में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते हुए श्री जोशी ने कहा कि केंद्र सरकार किसान सम्मान निधि

बढ़ाने पर विचार कर रही है। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने तीसरे कार्यकाल की शुरुआत 11 करोड़ किसानों को किसान सम्मान निधि का लाभ देकर की है।

## कांवड़ यात्रा

प्रदेश में 24 जुलाई से कांवड़ यात्रा शुरू होने जा रही है। यात्रा को लेकर हरिद्वार जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। शनिवार को प्रशासन और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने व्यापारियों व तीर्थपुरोहितों के साथ बैठक कर मेले के सफल संचालन को लेकर चर्चा की। इस मौके पर व्यापारियों ने कांवड़ मेले के दौरान हरकी पैड़ी के आसपास लगने वाले जाम से निपटने के सुझाव दिए। बैठक में जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कांवड़ियों और स्थानीय व्यापारियों के बीच होने वाले विवादों को समय रहते सुलझाने के लिए लोगों से सहयोग की अपील की। जिलाधिकारी ने कांवड़ मेले के दौरान सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने और स्थानीय लोगों को राहत पहुंचाने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि कांवड़ यात्रा के दौरान लाखों की संख्या में कांवड़िये हरिद्वार गंगाजल लेने पहुंचते हैं, जिसके चलते क्षेत्र में जाम की स्थिति बनी रहती है।

## 'मन की बात'

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने की 30 तारीख को आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो

कार्यक्रम की 111वीं कड़ी होगी। श्री मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री चुने जाने के बाद यह पहला 'मन की बात' कार्यक्रम होगा।

श्रोता टोल फ्री नंबर 1800—11—7800 के माध्यम से कार्यक्रम के लिए अपने विचार और सुझाव दे सकते हैं। नरेंद्र मोदी ऐप या माई जीओवी ओपन फोरम पर ऑनलाइन भी सुझाव दिये जा सकते हैं। 28 जून तक भेजे गए सुझाव और विचारों को कार्यक्रम में शामिल किया जाएगा।

यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन ए.आई.आर. मोबाइल ऐप पर प्रसारित होगा। यह आकाशवाणी समाचार, डी.डी.न्यूज, पी.एम.ओ. और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी उपलब्ध रहेगा। आकाशवाणी से हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद मन की बात कार्यक्रम प्रादेशिक भाषाओं में भी प्रसारित किया जाएगा।

**उप चुनाव**

चमोली जिले की बदरीनाथ और हरिद्वार जिले की मंगलौर सीट पर 10 जुलाई को मतदान होना है। नामंकन की अंतिम तिथि समाप्त हो चुकी है और कल नामंकन पत्रों की जांच की जानी है। 26 जून नामांकन वापसी की अंतिम तिथि है।

**मौसम**

राजधानी देहरादून समेत राज्य के कुछ स्थानों पर दोपहर बाद झमाझम बारिश हुई, जबकि अन्य हिस्सों में बादल छाए हुए हैं। मौसम में बदलाव से तापमान में गिरावट दर्ज की गयी, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के अधिकांश जिलों में कहीं–कहीं आकाशीय बिजली चमकने और तेज बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। नैनीताल, चंपावत, पिथौरागढ़ और बागेश्वर जिलों में कल से 26 जून तक भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। विभाग की चेतावनी को देखते हुए संबंधित जिला प्रशासन को सतर्क रहने को कहा गया है। साथ ही संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त मशीने तैनात करने के निर्देश दिए गये हैं। इसके अलावा चारधाम यात्रियों से मौसम पूर्वानुमान देखकर ही यात्रा करने की अपील की गयी है। बारिश होने की स्थिति में सुरक्षित स्थानों पर ठहरने की सलाह दी गयी है।